Title: Regarding construction of Chatra-Gaya and Barwadih-Chirmiri Railway line projects

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा): सर्वप्रथम मैं चतरा लोकसभा क्षेत्र की जनता की ओर से माननीय रेल मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि रेल मंत्रालय ने चतरा- गया नई रेल लाइन परियोजना की स्वीकृति प्रदान कर दी है । साथ ही बरवाडीह - चिरमिरी (अंबिकापुर) नई रेल लाइन परियोजना के विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने हेतु स्वीकृति देने के लिए धन्यवाद देता हूं । चतरा - गया नई रेल लाइन परियोजना के लिए रेलवे द्वारा राज्य सरकार के माध्यम से भूमि अधिग्रहण शुरू कर दिया गया है । इस रेल लाइन के साथ-साथ टोरी - चतरा - गया सेक्शन के लिए अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण शुरू करने का प्रस्ताव भी रेलवे बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है । मेरा रेल मंत्री जी से आग्रह है कि जल्द से जल्द चतरा- गया नई रेल लाइन का शिलान्यास किया जाए और इस रेल लाइन के कार्य को अति तीव्रता से करने के पर्याप्त बजट आवंटन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करें । बरवाडीह - चिरमिरी (अंबिकापुर) रेल लाइन परियोजना झारखंड प्रदेश के चतरा लोकसभा क्षेत्र में आजादी से पूर्व यह रेल लाइन प्रस्तावित थी । इस नई रेल लाइन के लिए अंतिम स्थान - निर्धारण को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए मार्च 2022 में स्वीकृत किया गया था । जोन बिलासपुर में परियोजना के पुनर्जीवित होने से झारखंड एवं छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों के लोगों में अपार हर्ष है । अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि आजादी से पूर्व की प्रस्तावित बरवाडीह चिरमिरी रेल लाइन को एक तय समय में पूरा करने नियमित निगरानी तंत्र में शामिल कर दिशा में ठोस कदम उठाएं ।